आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 23.02.2026 समय : 18.30 पीएम

- गृह मंत्रालय ने नई राष्ट्रीय आतंकवाद–विरोधी नीति और रणनीति–प्रहार जारी कीं
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूह गठितं
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समाज को दिशा देने और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बतायां
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सरपंचों का आह्वान किया कि वे गांव के विकास कार्यकर्ता बनें

0000

गृह मंत्रालय ने नई राष्ट्रीय आतंकवाद–विरोधी नीति और रणनीति–प्रहार जारी की हैं इसके तहत आतंकवाद के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए व्यापक प्रावधान किये गये हैं इसमें आतंकवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया गया हैं मंत्रालय ने कहा है कि हालांकि खतरों का स्वरूप लगातार बदल रहा है और नई चुनौतियां सामने आ रही हैं, फिर भी देश आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का विरोध करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं मंत्रालय ने कहा कि भारत हमेशा आतंकवाद के पीड़ितों के साथ खड़ा रहा है और इस बात पर अडिग है कि दुनिया में हिंसा का कोई औचित्य नहीं हो सकतां

000

नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आज से राजाजी उत्सव की शुरूआत हुई ये उत्सव पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के जीवन और विरासत को समर्पित हैं इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण कियां राष्ट्रपति ने कहा कि वे भारत के महान सपूत थें कमजोर वर्ग के लोगों से उनका जुड़ाव उनके विचारों और कार्यों में दिखाई देता हैं राष्ट्रपति ने आशा व्यक्त की कि देश की जनता राजगोपालाचारी के जीवन और विरासत से प्रेरणा लेकर राष्ट्रप्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ेगीं

.................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विभिन्न देशों के साथ संसदीय संबंधों की मजबूती के उद्देश्य से संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया हैं इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य भारत के सांसदों को अन्य देशों के संसद सदस्यों के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देना है, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगीं इन मैत्री समूहों की खास बात यह है कि इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के वरिष्ठ नेताओं

को शामिल किया गया हैं इनमें रवि शंकर प्रसाद, पी. चिदंबरम, अखिलेश यादव और सुप्रिया सुले सहित कई प्रमुख सांसद शामिल हैं ये समूह अमेरिका, रूस, जापान, जर्मनी और इज़राइल जैसे देशों के सांसदों के साथ अनुभव साझा करेंगे और व्यापार, तकनीक एवं संस्कृति जैसे वैश्विक विषयों पर चर्चा करेंगें अब तक 60 से अधिक देशों के साथ ये मैत्री समूह गठित किये जा चुके हैं श्री बिरला ने कहा कि यह कदम भारत को एक जिम्मेदार और परिपक्व लोकतंत्र के रूप में वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगां

000

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों से बातचीत कीं आज जारी एक वीडियो में श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी सहकारी समिति का उद्देश्य चालकों को उनके काम का स्वामित्व देकर उन्हें सशक्त बनाना हैं उन्होंने बताया कि इस पहल का लक्ष्य निजी टैक्सी सेवा कंपनियों से जुड़ी समस्याओं को कम करना और इसका लाभ चालकों को दिलाना हैं

..................

भारत टैक्सी की अनूठी सारथी दीदी पहल का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि इस सुविधा के माध्यम से महिला यात्री अपनी यात्रा के लिए महिला चालकों का चयन कर सकती हैं उन्होंने बताया कि भारत टैक्सी की सारथी महिलाओं को बीमा लाभ और आसान ऋण सुविधाएँ मिलेंगीं उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में इस एप में महिला सुरक्षा के लिए विशेष उपाय शामिल किए जाएंगें

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि समाज को दिशा देने और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने में अधिवक्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं श्री शर्मा आज दी बार एसोसिएशन जयपुर के शपथ ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थें श्री शर्मा ने कहा कि अधिवक्तागण कम से कम शब्दों में पूरी बात को बताकर न्याय दिलाने का काम करते हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका अपनी का समन्वय बहुत जरूरी है, इसी से लोकतंत्र मजबूत होता हैं तीनों अंग का पारस्परिक सम्मान और समन्वय स्वस्थ और जीवंत लोकतंत्र का निर्माण करता हैं

...............

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि सरपंचों को गांव का विकास कार्यकर्ता बनने के साथ–साथ देश के विकास का संवाहक भी बनना चाहिएं वे आज जयपुर में आयोजित 'ग्राम संसद' कार्यक्रम में सरपंचों को संबोधित कर रहे थें राज्यपाल ने आह्वान किया कि पंचायतों को सुनियोजित योजना बनाकर गांवों का विकास करना चाहिएं श्री बागडे ने सरपंचों से गांवों के स्कूलों और सार्वजनिक भवनों की स्थिति पर निगरानी रखने तथा बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहां उन्होंने नंदी संरक्षण, गौपालन और 'हर घर जल' योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दियां राज्यपाल ने राजस्थान की गौरवशाली पंचायती राज परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि जब गांव समृद्ध होंगे,

तभी देश तेजी से उन्नति करेगां कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गांवों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्टजनों को सम्मानित भी कियां

000

ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने प्रधानमंत्री आवास योजना की रुकी हुई किश्तों के भुगतान के लिए विशेष अभियान चलाने की घोषणा की हैं उन्होंने आज विधानसभा में बताया कि पोर्टल पर तकनीकी दिक्कतों और बैंक खातों के सत्यापन में कमियों के कारण जो भुगतान लंबित हैं, उन्हें जल्द सुलझा लिया जाएगां मंत्री ने आश्वासन दिया कि पात्र लोगों को समय पर लाभ दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और किसी भी लाभार्थी का पैसा अनावश्यक रूप से नहीं रोका जाएगां उन्होंने जिला कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों को इन मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए हैं इसके साथ ही, शहरी आवास योजना की अगली किश्तें जारी करने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई हैं

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज विधानसभा में बताया कि राज्य सरकार ने 970 महात्मा गांधी विद्यालयों में विज्ञान संकाय खोले हैं इन संकायों के लिए 4 हजार 850 नये पदों का सृजन किया गया हैं इनमें 3 हजार 880 व्याख्याता और 970 प्रयोगशाला सहायक के पद शामिल हैं प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री दिलावर ने कहा कि सरकार स्कूलों में नए संकाय खोलने के साथ—साथ आवश्यक शिक्षकों की नियुक्ति पर भी ध्यान दे रही हैं उन्होंने बताया कि बजट घोषणा के तहत 99 विद्यालयों में अतिरिक्त संकायों की स्वीकृति जारी की जा चुकी हैं शिक्षा मंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि आगामी समय में बजट और वित्तीय प्रावधान उपलब्ध होने पर और अधिक विद्यालयों में विज्ञान संकाय खोले जाएंगें

000

प्रदेश के कई हिस्सों में आज मौसम के मिज़ाज में बदलाव आया हैं राजधानी जयपुर और दौसा में तेज हवा के साथ बूंदाबांदी हुई झुंझुनूं जिले में भी आज दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और जिला मुख्यालय सहित कई स्थानों पर बूंदाबांदी हुई मौसम केंद्र के अनुसार पूर्वी राजस्थान में बने एक मौसमी तंत्र के कारण यह बदलाव हो रहा हैं इस बीच, राज्य के अधिकतर शहरों में तापमान सामान्य से अधिक रहां बाड़मेर 34 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म शहर रहा, जबकि अलवर में न्यूनतम तापमान 10 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गयां

000

प्रदेश में आने वाले देशी विदेशी सैलानियों के मार्गदर्शन और सहायता के लिए पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं इसी कड़ी में विभाग का पर्यटक सहायता बल सभी पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों को जरूरत पडने पर मदद करने के लिए तत्पर हैं पर्यटन सहायता बल के उप निदेशक संग्राम सिंह ने सोशल मीडिया पर अपील की कि पर्यटक किसी भी तरह की मदद के लिए सहायता बल के बूथ या कार्मिक से संपर्क कर सकते हैं

...................

सलूंबर जिले के नठारा क्षेत्र में प्रधानमंत्री वन धन योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं प्राकृतिक और हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं ये महिलाएं आगामी त्योहारों के लिए पलाश के फूल, पालक, नीम की पत्तियों और सब्जियों के अर्क से गुलाल बना रही हैं यह गुलाल पूरी तरह रसायनमुक्त है, जो स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित हैं प्रशासन द्वारा इन महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया है और उत्पादों की बिक्री के लिए मेलों में स्टॉल उपलब्ध कराए जा रहे हैं इस पहल से आदिवासी क्षेत्र की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल रहा है और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं

000